# नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में यूपी के सात जिले टॉप 10 में

लखनऊ। नीति आयोग ने आकांक्षात्मक जिलों के लिए जुलाई-अगस्त की डेल्टा रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें यूपी के 8 में से 7 जिलों ने देश के टॉप 10 में जगह बनाई है। इनमें फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, चित्रकूट, बहराइच, श्रावस्ती और चंदौली शामिल हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई देते हुए हर विभाग को संयुक्त रूप से पहल करते रहने का निर्देश दिया है। बलरामपुर टॉप 10 में शामिल नहीं हो पाया है।

## मुख्यमंत्री ने दी बधाई, टीम भावना से कार्य करने के निर्देश

गौरतलब है कि देश भर के 115 जिले पिछड़े माने जाते हैं। इनकी आकांक्षात्मक स्तर पर रैंकिंग की जाती है। नीति आयोग विभिन्न विकासात्मक मापदंडों के माध्यम से रैंक हासिल करने वाले इन जिलों को अतिरिक्त धन आवंटन करता है। इससे इन जिलों में स्वास्थ्य व पोषण, शिक्षा, कृषि, मूलभूत सुविधाएं और कौशल विकास के कार्य चल रहे हैं। ब्यूरो